उपकरणों, ईंधन और श्रम की लागत में पिछले तीन सालों में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिसे आप अमृतकाल कहते हैं, वह किसानों के लिए विषकाल बन गया है।

कृषि क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग करने की घोषणा बार-बार की जाती है लेकिन उस से पहले किसानों को एआई तकनीक में प्रशिक्षित करके उन्हें सशक्त बनाया जाना चाहिए ।धन्यवाद।"

उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) : समय समाप्त हुआ। आपने पहले सूचना नहीं दी थी, इसलिए हमारे पास ट्रांसलेशन की सुविधा नहीं थी। आपको पहले कहना चाहिए था कि मैं मराठी में बोलूँगी।

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल : सर, मैं दो दिन से कह रही हूँ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Shrimati Rajani Ashokrao Patil : Dr. Sasmit Patra (Odisha), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Dr. John Brittas (Kerala) and Shri M. Mohamed Abdulla (Tamil Nadu).

Need for protection to depositors of cooperative credit institutions and measures to regulate cooperative credit institutions

श्री धनंजय भीमराव महादिक (महाराष्ट्र): उपसभाध्यक्ष जी, देश और राज्य में सहकारी पतसंस्थाओं के माध्यम से छोटे उद्योगों और व्यवसायों को ऋण प्रदान किया जाता है, लेकिन कई संस्थाओं में आर्थिक घोटाले सामने आने के कारण जमाकर्ताओं का विश्वास इन छोटी पतसंस्थाओं से कम हो रहा है। इन संस्थाओं को नियमित सहकारी ऑडिट होने के बावजूद बीमा सुरक्षा नहीं दिया जाता है। अतः सहकारी पतसंस्थाओं के जमाकर्ताओं के बीच बीमा संरक्षण उपलब्ध करा दिया जाए, जिसमें जमा राशि डूबने के एक निश्चित समय-सीमा तक बीमा राशि...

उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) : अब आप बैठिए, समय समाप्त हुआ।

The following hon. Members associated themselves with the matter raised by hon. Member, Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik: Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Dr. Sasmit Patra (Odisha) and Shri Dorjee Tshering Lepcha (Sikkim). Now, Question Hour.